संख्या- 196/2022/2368 /चार-2022

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,

अनु सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,

संस्कृति निदेशालय, उ0प्र,

जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊः दिनांक 14 नवम्बर, 2022

विषय- आजादी की 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 15 अगस्त, 2022 को लखनऊ में विधानसभा के समक्ष भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु वास्तविक व्यय की कार्योत्तर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2267/सं0नि0-15(37)/2022-23, दिनांक 19 अक्टूबर, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार आजादी की 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 15 अगस्त, 2022 को लखनऊ में विधानसभा के समक्ष भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु वास्तविक व्यय रू0 14,56,481/- (रूपये चौदह लाख छप्पन हजार चार सौ इक्यासी मात्र) की कार्योत्तर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं :-

(**1)** समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(2)उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।

(3)उक्त स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी**,** व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

3- उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-19-चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव-42-अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022- 231/2022, दिनांक 07 जून, 2022 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(रघुनाथ प्रसाद वर्मा)

अनु सचिव।

संख्या- 196 /2022/2368(1)/चार-2022, तद्दिनांक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।

3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।

4- वित्त(लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(रघुनाथ प्रसाद वर्मा)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।